**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 100**
**गुरुवार, 08 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## उड़ान योजना के अंतर्गत विमानपत्तन

***100. श्री सुधीर गुप्ता:**

**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में उड़ान (यूडीएएन) योजना के अंतर्गत चिह्नित और विकसित किए जा रहे विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार लाने के लिए देशभर में पचास नए विमानपत्तनों की स्थापना हेतु बजट 2023-2024 में की गई घोषणा के अंतर्गत शामिल किए जाने के लिए प्रस्तावित नगरों/जिलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में विमानन अवसरंचना के उन्नयन के लिए सरकार द्वारा जिला-वार क्या विशिष्ट उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है;

(घ) उड़ान और अन्य योजनाओं के अंतर्गत विमानन अवसरंचना के उन्नयन हेतु आवंटित और उपयोग की गई नि धियों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को उक्त बजट घोषणा के अनुसार नए विमानपत्तनों के निर्माण के लिए संसद सदस्यों से पत्र प्राप्त हुए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)**

(क) से (च) : विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

******

**"उड़ान योजना के अंतर्गत विमानपत्तन" के संबंध में लोक सभा के दिनांक 08.02.2024 के तारांकित प्रश्न (*) संख्या 100 के उत्तर से संबंधित विवरण।**

(क) महाराष्ट्र राज्य में, 09 हवाईअड्डों नामतः कोल्हापुर, जलगांव, सोलापुर, अमरावती, नांदेड़, नासिक, रत्नागिरी, गोंदिया और सिंधुदुर्ग को "उड़ान योजना" के तहत जीर्णोद्धार और आरसीएस उड़ानें प्रचालित करने के लिए चिह्नित किया गया है, जिनमें से 06 हवाईअड्डे नामतः कोल्हापुर, जलगांव, नांदेड़, नासिक, गोंदिया और सिंधुदुर्ग पहले ही प्रचालनिक हो गए हैं। शेष हवाईअड्डों पर विकास कार्य प्रगति पर है।

मध्य प्रदेश राज्य में, 04 हवाईअड्डों नामतः ग्वालियर, रीवा, दतिया और पचमढ़ी को आरसीएस उड़ानें विकसित करने और परिचालित करने के लिए चिह्नित किया गया है। वर्ष 2017 में "उड़ान योजना" के तहत ग्वालियर हवाईअड्डा पहले ही प्रचालनिक हो गया है। रीवा, दतिया हवाईअड्डों का विकास कार्य चल रहा है। पचमढ़ी हवाईअड्डे के उन्नयन के लिए विकास कार्य को भी अवार्ड कर दिया गया है।

(ख) भारत सरकार ने 1000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता से, 03 वर्ष की अवधि अर्थात दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2026 तक 50 और अधिक असेवित और अल्प-सेवित हवाईअड्डों / हेलीपैडों / वाटर एयरोड्रोमों और एएलजी (चरण- II) के जीर्णोद्धार / विकास के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। दिनांक 31.01.2024 तक, चरण -II (अनुलग्नक I) के तहत चिह्नित 33 एयरोड्रोम के लिए 644 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

(ग) "उड़ान योजना" देश में विमानन अवसंरचना के विस्तार के माध्यम से दूरस्थ और क्षेत्रीय सम्पर्कता को बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में शुरू की गई है। इस योजना में असेवित और अल्प-सेवित हवाईअड्डों की वैध बोली प्रक्रिया के माध्यम से पहचान किए जाने और चिह्नित हवाईअड्डों को जोड़ने वाले मार्गों के प्रचालन के लिए इन्हें एएसओ (चयनित एयरलाइन ऑपरेटर) को अवार्ड किए जाने के माध्यम से इसके जीर्णोद्धार / उन्नयन की परिकल्पना की गई है। विशेष मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइनें "उड़ान योजना" के तहत बोली के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। वह हवाईअड्डा जो उड़ान योजना के तहत अवार्ड किए गए मार्गों में शामिल है और उड़ान परिचालन शुरू करने के लिए उसके उन्नयन/विकास की आवश्यकता है, उसे 'असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों के जीर्णोद्धार' योजना के तहत विकसित किया जाता है।

अब तक, 'उड़ान योजना" के तहत 2 वाटर एयरोड्रोमों और 9 हेलीपोर्ट (अनुलग्नक-II) सहित 76 आरसीएस हवाईअड्डों को प्रचालनिक किया गया है और 133 लाख से अधिक यात्रियों को उड़ान योजना की उड़ानों से लाभ प्राप्त हुआ है। विकास के लिए देश में 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की पहचान की गई है, जिनमें से अब तक 12 प्रचालनिक हो गए हैं (अनुलग्नक III)।

(घ) इस योजना के चरण-I में हवाईअड्डों को प्रचालनिक बनाने के लिए "हवाईअड्डों, हेलीपोर्टों और वाटर एयरोड्रोमों का जीर्णोद्धार और विकास" योजना के तहत, इस उद्देश्य हेतु 4500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिसमें से अब तक 3985.22 करोड़ रूपए का उपयोग किया जा चुका है।

(ड.) और (च): जी, नहीं।

******

**अनुलग्नक-I**

## चरण-II के तहत चिह्नित 33 हवाईअड्डों की सूची

| क्र.सं. | राज्य | हवाईअड्डा | क्रियान्वयन एजेंसी | ए/एच/डब्ल्यूए |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | मायाबंदर (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 2 | गोवा | उत्तरी गोवा (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 3 | गोवा | दक्षिण गोवा (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 4 | गुजरात | द्वारका (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 5 | हरि याणा | अंबाला | एसजी | ए |
| 6 | कर्नाटक | करवाड़ा | एसजी | ए |
| 7 | लक्षद्वीप | बंगाराम (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 8 | लक्षद्वीप | बित्रा (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 9 | लक्षद्वीप | कदमत (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 10 | लक्षद्वीप | कालपेनी (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 11 | लक्षद्वीप | किल्तान (डब्ल्यूए) | एसजी | डब्ल्यूए |
| 12 | मध्य प्रदेश | दतिया | भा.वि.प्रा. | ए |
| 13 | मध्य प्रदेश | पचमढ़ी | एसजी | ए |
| 14 | ओडिशा | अमरदा | एसजी | ए |
| 15 | राजस्थान | श्रीगंगानगर | एसजी | ए |
| 16 | अरुणाचल प्रदेश | मियाओ | एसजी | एच |
| 17 | अरुणाचल प्रदेश | विजयनगर | एसजी | एच |
| 18 | नागालैंड | फ़ेक | एसजी | एच |
| 19 | नागालैंड | कोहिमा | एसजी | एच |
| 20 | नागालैंड | जुन्हेबोटो | एसजी | एच |
| 21 | नागालैंड | टेंगसांग | एसजी | एच |
| 22 | नागालैंड | मोकोकचुंग | एसजी | एच |
| 23 | सिक्किम | गंगटोक, पूर्व | एसजी | एच |

**अनुलग्नक-II**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | सिक्किम | पेलिंग, पश्चिम | एसजी | एच |
| 25 | सिक्किम | नामची, दक्षिण | एसजी | एच |
| 26 | हिमाचल प्रदेश | रिकांग पियो | एसजी | एच |
| 27 | हिमाचल प्रदेश | चंबा | एसजी | एच |
| 28 | हिमाचल प्रदेश | पालमपुर (यूएन) | एसजी | एच |
| 29 | हिमाचल प्रदेश | रक्कड़ हेलीपैड, धर्मशाला | एसजी | एच |
| 30 | उत्तराखंड | बागेश्वर | एसजी | एच |
| 31 | उत्तराखंड | चम्पावत | एसजी | एच |
| 32 | उत्तराखंड | लैंसडाउन, पौड़ी गढ़वाल | एसजी | एच |
| 33 | उत्तराखंड | मुनस्यारी, पिथौरागढ़ | एसजी | एच |

**76 आरसीएस हवाईअड्डों की जिले-वार सूची**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **ज़िला** | **हवाईअड्डा** |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | कडप्पा | कडप्पा |
| 2. | | कुरनूल | कुरनूल हवाई अड्डा |
| 3. | असम | जोरहाट | जोरहाट |
| 4. | | लखीमपुर | लीलाबारी |
| 5. | | सोनितपुर | तेजपुर |
| 6. | | कोकराझार | रूपसी |
| 7. | अरुणाचल प्रदेश | लोहित | तेजु |
| 8. | | पूर्वी सियांग | पासीघाट |
| 9. | | ईटानगर | होलोंगी |
| 10. | बिहार | दरभंगा | दरभंगा |
| 11. | छत्तीसगढ | जगदलपुर | जगदलपुर |
| 12. | | बिलासपुर | बिलासपुर |
| 13. | दमन और दीव | दीव | दीव |
| 14. | गुजरात | भावनगर | भावनगर |
| 15. | | जामनगर | जामनगर |
| 16. | | कच्छ | कांडला |
| 17. | | जूनागढ़ | केशोड़ |
| 18. | | कच्छ | मुंद्रा |
| 19. | | पोरबंदर | पोरबंदर |
| 20. | | नर्मदा | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (डब्ल्यू) |
| 21. | | अहमदाबाद | साबरमती रिवर फ्रंट (पश्चिम) |

| क्र.सं. | राज्य | ज़िला | हवाईअड्डा |
|---|---|---|---|
| 22. | हरयाणा | हिसार | हिसार |
| 23. | हिमाचल प्रदेश | शिमला | शिमला |
| 24. | | कुल्लू | कुल्लू |
| 25. | | मंडी | मंडी - **हेलीपोर्ट** |
| 26. | | शिमला | रामपुर - **हेलीपोर्ट** |
| 27. | झारखंड | देवघर | देवघर |
| 28. | | पूर्वी सिंहभूम | जमशेदपुर |
| 29. | कर्नाटक | बेलगाम | बेलगाम |
| 30. | | धारवाड़ | हुबली |
| 31. | | मैसूर | मैसूर |
| 32. | | बेल्लारी | विद्यानगर |
| 33. | | कलबुर्गी | कलबुर्गी (गुलबर्गा) |
| 34. | | बीदर | बीदर |
| 35. | | शिवमोगा | शिवमोगा |
| 36. | केरल | कन्नूर | कन्नूर |
| 37. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | ग्वालियर |
| 38. | महाराष्ट्र | गोंदिया | गोंदिया |
| 39. | | जलगांव | जलगांव |
| 40. | | कोल्हापुर | कोल्हापुर |
| 41. | | नांदेड़ | नांदेड़ |
| 42. | | नासिक | ओज़र |
| 43. | | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग |
| 44. | मेघालय | पूर्वी खासी हिल्स | शिलांग |
| 45. | नगालैंड | दीमापुर | दीमापुर |
| 46. | ओडिशा | झारसुगुडा | झारसुगुडा |
| 47. | | कोरापुट | जयपोर |
| 48. | | सुंदरगढ़ | राउरकेला |
| 49. | | कालाहांडी | उत्केला |
| 50. | पांडिचेरी (यूटी) | पुदुचेरी | पांडिचेरी |
| 51. | पंजाब | जालंधर | आदमपुर |
| 52. | | बठिंडा | बठिंडा |
| 53. | | लुधियाना | लुधियाना |
| 54. | | पठानकोट | पठानकोट |
| 55. | राजस्थान | बीकानेर | बीकानेर |
| 56. | | जैसलमेर | जैसलमेर |
| 57. | | अजमेर | किशनगढ़ |
| 58. | सिक्किम | पाक्योंग | पाक्योंग |
| 59. | तमिलनाडु | सलेम | सलेम |
| 60. | उत्तर प्रदेश | आगरा | आगरा |
| 61. | | इलाहाबाद | इलाहाबाद |
| 62. | | कानपुर नगर | कानपुर (चकेरी) |

| क्र.सं. | राज्य | ज़िला | हवाईअड्डा |
|---|---|---|---|
| 63. | | गाज़ियाबाद | हिंडन |
| 64. | | बरेली | बरेली |
| 65. | | कुशीनगर | कुशीनगर |
| 66. | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | पंतनगर |
| 67. | | पिथोरागढ़ | पिथोरागढ़ |
| 68. | | देहरादून | सहस्त्रधारा - **हेलीपोर्ट** |
| 69. | | उत्तरकाशी | चिन्यालीसौड़ - **हेलीपोर्ट** |
| 70. | | चमोली | गौचर - **हेलीपोर्ट** |
| 71. | | टिहरी गढ़वाल | नई टिहरी - **हेलीपोर्ट** |
| 72. | | पौडी गढ़वाल | श्रीनगर - **हेलीपोर्ट** |
| 73. | | नैनीताल | हलद्वानी - **हेलीपोर्ट** |
| 74. | | अल्मोड़ा | अल्मोड़ा - हेलीपोर्ट |
| 75. | पश्चिम बंगाल | पश्चिम वर्धमान | दुर्गापुर |
| 76. | | कूचबिहार | कूचबिहार |

**अनुबंध- III**

## ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की जिलेवार सूची (प्रचालनिक)

| क्रमांक | राज्य | ज़िला | हवाईअड्डा | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोवा | उत्तरी गोवा | मोपा | प्रचालनिक |
| 2. | महाराष्ट्र | अहमदनगर | शिरडी | प्रचालनिक |
| 3. | | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग | प्रचालनिक |
| 4. | कर्नाटक | कलबुर्गी | कलबुर्गी | प्रचालनिक |
| 5. | | शिवमोगा | शिवमोगा | प्रचालनिक |
| 6. | उत्तर प्रदेश | कुशीनगर | कुशीनगर | प्रचालनिक |
| 7. | आंध्र प्रदेश | कुरनूल | ओरवाकल (कुर्नूल) | प्रचालनिक |
| 8. | पश्चिम बंगाल | पश्चिम वर्धमान | दुर्गापुर | प्रचालनिक |
| 9. | सिक्किम | पाक्योंग | पाक्योंग | प्रचालनिक |
| 10. | केरल | कन्नूर | कन्नूर | प्रचालनिक |
| 11. | अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर | ईटानगर | प्रचालनिक |
| 12. | गुजरात | राजकोट | हीरासर (राजकोट) | प्रचालनिक |